**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

# स्वच्छता ही सेवा: इरेडा द्वारा संचालित स्वच्छता अभियान, सफाई मित्रों को सैनिटरी किट से सम्मानित






नई दिल्ली, 25 सितंबर 2025

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) द्वारा आज *स्वच्छता ही सेवा 2025* अभियान के रूप में भीकाजी कामा प्लेस स्थित अपने पंजीकृत कार्यालय और आसपास के क्षेत्रों में *'एक तारीख, एक घंटा, एक साथ'* नाम से एक विशेष अभियान चलाया गया ।

इस अभियान में इरेडा कर्मचारियों के नेतृत्व में स्वच्छता और जागरूकता गतिविधियां चलाई गईं, साथ ही सफाई मित्रों को उनकी सेवाओं के लिए सैनिटरी किट देकर सम्मानित किया गया।

इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने अपने संदेश में कहा कि: *"स्वच्छता और स्वच्छ ऊर्जा का गहरा संबंध है – ये दोनों ही एक स्वस्थ और अधिक टिकाऊ भविष्य सुनिश्चित करते हैं। स्वच्छोत्सव में इरेडा कर्मियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ना केवल माननीय प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत के विजन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है, बल्कि स्वच्छ पर्यावरण के लिए हरित ऊर्जा के वित्तपोषण के लिए हमारे मिशन के प्रति भी हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।"*



यह पहल इरेडा द्वारा आयोजित 15 दिवसीय स्वच्छोत्सव का एक हिस्सा है, जिसमें दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों में हरित ऊर्जा शिक्षा और नवीकरणीय ऊर्जा जागरूकता कार्यक्रम, सफाई मित्रों के लिए निवारक स्वास्थ्य जांच और कर्मचारियों के लिए सतता और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं शामिल हैं।